प्रेषक

निदेशक माध्यमिक शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

सेवा में

राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी,
राज्य के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी,

यादि कमाक : 20/03–2024 तम (1)
दिंनाक, पंचकुला : 01.07.2024

विषय :– राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 बारे सुपात्र शिक्षकों के आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित करवाने बारे।

उपरोक्त विषय पर शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के F.1-7/2024-NAT दिनांक 27.06.2024 के सदंर्भ में।

विष्यांकित मामले में, आपको शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त उक्त पत्र की छायाप्रति भेजकर अवगत किया जाता है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए पात्र शिक्षकों हेतु Self nomination करने बारे दिनांक 15.07.2024 तक निम्नलिखित पोर्टल/लिंक ओपन किया गया है:–

http://nationalawardstoteachers.education.gov.in

उक्त लिंक पर इस पुरस्कार से सम्बन्धित सभी दिशा निर्देश, मापदण्ड एवं टाईमलाईन उपलब्ध है। इस पुरस्कार के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार प्रत्येक जिले से अधिकतम तीन उत्कृष्ट शिक्षकों के नाम जिला स्तरीय कमेटी द्वारा अनुशंसित किए जा सकते हैं। हरियाणा राज्य के लिए अधिकतम तीन पुरस्कार शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित किए गए हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि शिक्षा मंत्रालय से प्राप्त उक्त पत्र अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों/विद्यालयों को भेजकर, उक्त लिंक पर दिनांक 15.07.2024 तक सुपात्र शिक्षकों द्वारा इस पुरस्कार के लिए Self Nomination करने हेतु प्रोत्साहित करना सुनिश्चित करवाएं।

कृप्या मामले को उच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

हस्ता/-
अधीक्षक तालमेल
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला

पृष्ठांकन कमांक : सम   दिनांक, पंचकूला : 01.07.2024

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित है:–

1. पी0एस0/अतिरिक्त मुख्य सचिव विद्यालय शिक्षा हरियाणा चण्डीगढ़।
2. पी0ए0/महानिदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला।
3. पी0एस0/निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला।
4. पी0ए0/अतिरिक्त निदेशक प्रशासन–I
5. पी0ए0/अतिरिक्त निदेशक (एम0एस0एस0)।
6. पी0ए0/संयुक्त निदेशक प्रशासन
7. पी0ए0/ओ0एस0डी0 (ए0सी0एस0एस0ई0)
8. निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0 हरियाणा, गुरुग्राम।
9. राज्य के सभी प्राचार्य, डाइट/बाईट/गैटी।
10. आई0टी0 सैल (मुख्यालय) को इसकी एक प्रति भेजकर अनुरोध है कि इस पत्र को विभागीय वैबसाईट पर अपलोड करवाएं।

Aditi 01/7/24
अधीक्षक तालमेल
कृतेः निदेशक माध्यमिक शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला
1/7/24